<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक–11.01.2025 (संध्या 1900 बजे)</u>
<u>मुख्य समाचार</u>

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में रामलला प्राण–प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर देशवासियों को दी शुभकामनाएं, झारखंड में भी आयोजित हो रहे कई धार्मिक कार्यक्रम।
2. राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भारतीय इतिहास लेखन में महिला विमर्श विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन का किया उद्घाटन, कहा– भारतीय इतिहास में महिलाओं का योगदान अद्वितीय और प्रेरणादायक रहा है।
3. दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 81वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया, साथ ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी का भी जन्मदिन भाजपा कार्यकर्त्ताओं ने मनाया।
4. रामगढ़ पुलिस ने अपराधी राहुल तुरी का किया एनकाउंटर, विस्थापित नेता संतोष सिंह की हत्या समेत कई आपराधिक घटनाओं में था अभियुक्त।
5. कल राजधानी रांची में देश की पहली महिला हॉकी इंडिया लीग की होगी शुरुआत, पहले मैच में दिल्ली एस जी पाइपर्स का सामना होगा ओडिशा वॉरियर्स से।

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह मंदिर सदियों के त्याग, तपस्या और संघर्ष के बाद बना है। इस उपलक्ष्य में, आज से तीन दिन तक होने वाले विशेष आयोजन के क्रम में खूंटी के बाबा आम्रेश्वर धाम में विशेष पूजा, सुंदर कांड पाठ और महाआरती का आयोजन किया गया।

इधर सिमडेगा जिले में चौक–चौराहों को भगवा ध्वजों से सजाया गया है। महावीर मंदिर समिति के राजेंद्र प्रसाद ने इसे बलिदानों का परिणाम बताते हुए प्रधानमंत्री मोदी और कारसेवकों को धन्यवाद दिया।

******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची विश्वविद्यालय में आयोजित **भारतीय इतिहास लेखन में महिला विमर्श** विषय पर आधारित **अखिल भारतीय महिला इतिहासकारों** का दो दिवसीय अधिवेशन का उद्घाटन किया। मौके पर राज्यपाल ने ऐतिहासिक महिलाओं जैसे सावित्रीबाई फुले, रानी लक्ष्मीबाई और झारखंड की वीर नायिकाओं फूलो–झानो का उल्लेख किया। उन्होंने महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योगदान की सराहना की। इस अधिवेशन में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा और अन्य गणमान्य लोगों के साथ देशभर के प्रमुख इतिहासकारों और शिक्षाविदों ने भाग लिया।

******************

इसके बाद, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने देवघर पहुंचकर बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा अर्चना की। इस दौरान उपायुक्त विशाल सागर ने राज्यपाल को स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्र प्रदान किया। इसके बाद, राज्यपाल ने 22वें देवघर पुस्तक मेला का उद्घाटन किया, जो 11 से 21 जनवरी तक बीएड कॉलेज के मैदान में आयोजित हो रहा है।

******************

दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 81वां जन्मदिन आज राजधानी रांची समेत पूरे झारखंड में उत्साहपूर्वक मनाया गया। रांची के मोरहाबादी स्थित आवास पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने पिता शिबू सोरेन के साथ केक काटा। इस अवसर पर विधायक कल्पना सोरेन, बसंत सोरेन, कई मंत्री, सांसद महुआ माजी और पार्टी के वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने शिबू सोरेन को झारखंड का रत्न बताते हुए जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने भी शिबू सोरेन से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी।

साथ ही, आज भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का जन्मदिन पूरे राज्य में धूमधाम से मनाया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाबूलाल मरांडी के 67 वे जन्मदिन पर कई कार्यक्रम आयोजित किए।

******************

लोहरदगा जिले के टिको कुडू में स्थित अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आज दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारम्भ किया गया। सेमिनार का थीम राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के जरिए भारतीय परंपरा, संस्कृति और ज्ञान प्रणाली को पुनर्जीवित करने पर आधारित है। मौके पर मुख्य अतिथि इन्स्टीट्यूट आफ एडवांस साइंस यूएसए अमेरिका के प्रोफेसर डॉ. बलराम सिंह ने भारतीय संस्कृति की महिमा और योग के महत्व

पर प्रकाश डाला, साथ ही आदिवासी सभ्यता को सराहा। कॉलेज के सचिव इंद्रजीत कुमार भारती ने आंदोलनकारियों के बलिदान को याद करते हुए कहा कि टिको की धरती पवित्र है। सेमिनार में पद्मश्री मधु मंसुरी सहित कई शिक्षाविद और गणमान्य लोग शामिल हुए।

*******************

हजारीबाग के विनोबा भावे विश्वविद्यालय का चयन भारत सरकार द्वारा लिथियम और रेयर अर्थ मिनरल्स आधारित वैकल्पिक ऊर्जा परियोजना के अनुसंधान के लिए किया गया है। इस शोध के लिए 10 करोड़ रुपए की प्रारंभिक राशि दी जाएगी, और विश्वविद्यालय 15 जनवरी तक प्रस्ताव समर्पित करेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पवन कुमार पोद्दार ने बताया कि जीवाश्म ईंधन के घटते भंडार और प्रदूषण के कारण वैकल्पिक ऊर्जा पर गंभीर विचार हो रहा है।

*******************

रामगढ़ जिले के मुरपा बस्ती में पुलिस के साथ मुठभेड़ में कुख्यात अपराधी राहुल तुरी मारा गया, जबकि उसके एक साथी को गिरफ्तार किया गया। हजारीबाग और रामगढ़ पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन में राहुल तुरी ने पुलिस पर गोलीबारी की, जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की।

*******************

गोड्डा जिले को बिहार से जोड़ने वाली सड़क निर्माण का काम इस माह से आरंभ होगा। और जानकारी के साथ

*******************

प्रयागराज में महाकुंभ 2025 के लिए सिर्फ दो दिन शेष रह गए हैं। तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के लिए परिवहन के विभिन्न साधनों के माध्यम से शहर तक पहुंचने की विशेष व्यवस्था की गई है। पेश है एक रिपोर्ट–

*******************

राजधानी रांची में देश की पहली महिला हॉकी इंडिया लीग की शुरुआत कल होगी। इसे लेकर हॉकी स्टेडियम, मोरहाबादी में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला हॉकी टीम की चारों टीम की कप्तान– ओड़िशा वॉरियर्स की नेहा गोयल, श्राची राढ बंगाल टाइगर्स की उदिता दुहान, दिल्ली एसजी पाइपर्स की नवनीत कौर और जेएसडब्लू सूरमा हॉकी क्लब की सलीमा टेटे ने खुशी जताते हुए इसे एक अनूठी पहल और बड़ा मंच बताया है। सलीमा टेटे ने कहा कि इस प्रयास से झारखंड सहित भारतीय महिला हॉकी टीम को भी काफी लाभ होगा। उल्लेखनीय है कि कल होने वाले पहले मैच में दिल्ली एसजी पाइपर्स का सामना ओडिशा वॉरियर्स से होगा।

********समाप्त********